उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0 2371 ।। प्रेस विज्ञप्ति ।। दिनांक / Date 5.2.2019

आबकारी सिपाही व प्रवर्तन सिपाही के पद पर शारीरिक परीक्षण की तिथियों के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आबकारी विभाग के अधीन आबकारी सिपाही एवं परिवहन विभाग के अधीन प्रवर्तन सिपाही के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशन किया गया था। लंबे समय से शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु आयोग द्वारा प्रयास किया जा रहा था अब खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से इन पदों पर सेवा नियमावली के अनुरूप निर्धारित शारीरिक परीक्षण जिसका सूक्ष्म विवरण निम्नानुसार है के लिए तिथि का निर्धारण कर लिया गया है।

पदनाम–आबकारी सिपाही

शारीरिक अर्हताएं:–

(एक)

सीने की माप(पुरूषों के लिए)	बिना फुलाए	फुलाने पर
पर्वतीय क्षेत्र को छोड़कर सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए	78.8 से0मी0	83.8 से0मी0
पर्वतीय क्षेत्र/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए	76.3 से0मी0	81.3 से0मी0

(दो)

ऊँचाई (पुरुषों के लिए)	
पर्वतीय क्षेत्र को छोड़कर सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए	167.6 से0मी0
पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए	162.6 से0मी0
उत्तराखण्ड के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए	160.00 से0मी0

(तीन)

ऊँचाई (महिलाओं के लिए)	
पर्वतीय क्षेत्र को छोड़कर सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए	152.00 से0मी0
पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए	147.00 से0मी0
उत्तराखण्ड के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए	147.00 से0मी0

(चार)

शारीरिक वजन (महिलाओं के लिए)	45 कि0 ग्राम न्यूनतम

शारीरिक परीक्षण की स्पर्धाओं में न्यूनतम दक्षता मानक :–

पुरूष अभ्यर्थियों के लिए		महिला अभ्यर्थियों के लिए	
(क) दौड़ कुल दूरी	समय (मिनट में)	(क) दौड़ कुल दूरी	समय (मिनट में)
4.8 किमी0 (03 मील)	30 मिनट में	200 मीटर	52 सेकेण्ड में
(ख) लम्बी कूद	दूर (फिट मे)	(ख) लम्बी कूद	दूरी (फिट मे)
	15 फुट		08 फुट
(ग) क्रिकेट बॉल थ्रो	दूरी (मीटर में)	(ग) क्रिकेट बॉल थ्रो	दूरी (मीटर में)
	61 मीटर		12 मीटर

क्रमशः——(02)

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड

State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, आई.वी.आर.नं.-7088205533 वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in

पदनाम–प्रवर्तन सिपाही

शारीरिक अर्हताएं :–

क्र. सं.	विवरण	पुरूष अभ्यर्थियों हेतु		महिला अभ्यर्थियों हेतु
1.	ऊंचाई	160 से.मी. सामान्य/अनु0जाति/पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतु 157.5 से.मी. अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु		160 से.मी. सामान्य/अनु0जाति/पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतु 157.5से.मी. अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु
2.	सीना	बिना फुलाये 76.30	फुलाने के बाद 81.30	————————
शारीरिक दक्षता परीक्षण				
3.	दौड़	1500 मीटर(06 मिनट)		400 मीटर (01 मिनट 35 सेकेण्ड)
4.	चिनअप	06 बार		——————
5.	रस्सी कूद	————		01 मिनट में 55 बार

इन दोनो पदों पर शारीरिक दक्षता परीक्षायें क्रमवार दिनांक 25 फरवरी, 2019 से प्रारम्भ होंगी इसका जिलावार तथा तिथिवार कार्यक्रम यथाशीघ्र जारी किया जायेगा जो प्रत्येक जिले में पुरूष व महिला अभ्यर्थियों की संख्या पर आधारित होगा।

सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन शारीरिक दक्षता परीक्षाओं के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारम्भ कर दें। दौड़, लंबी कूद, आदि में भाग लेने के पूर्व अभ्यर्थी अपनी शारीरिक स्वस्थता के संबंध में संतुष्ट हो जाये किसी बीमारी या अस्वस्थता होंने पर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह लेना भी उचित होगा जिससे शारीरिक दक्षता परीक्षणों के समय कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना न हो।

अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये परीक्षा केन्द्र के विकल्प के अनुरूप ही उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए जिले का विकल्प दिया जायेगा। जिन जिलों में अभ्यर्थियों की संख्या अत्यधिक होगी उनमें सुगमता से परीक्षण कराने की दृष्टि से कुछ अभ्यर्थियों को नजदीक के जिले में शारीरिक परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है।

(संतोष बडोनी)
सचिव।